Lucknow: Uttar Pradesh bagged the second position in water conservation and management in the country and was conferred the National Water Award by President Droupadi Murmu in New Delhi on Tuesday.

Banda from UP also received the award for the best district in the North Zone for showcasing exceptional efforts in water management and conservation.

The first spot among states was taken by Odisha, while Gujarat and Puducherry came a joint third.UP was awarded the second position in recognition of its efforts in providing tap water connections to more than 17,900 villages in 2023, making this the fastest implementation of the 'Har Ghar Nal Se Jal' scheme across the country.

Sharing the news on social media platform 'X', Chief Minister Yogi Adityanath said, "Hon'ble President Smt Draupadi Murmu ji awarded Uttar Pradesh the second position in the Best State category and Banda District the Best District (North Zone) award under the 5th National Water Award-2023 in New Delhi today. Under the esteemed guidance of Prime Minister Shri Narendra Modi ji, unprecedented work is being carried out in the field of 'Jal Shakti' in UP. This achievement reflects the govt's prioritisation of water conservation, management, and active public participation."

He also congratulated the people of the state and all those involved in water conservation and promotion.

As of Oct 22, 2024, the state had connected 2.27 crore rural households or 13.66 crore people with tap water under the Jal Jeevan Mission's Har Ghar Jal scheme.

During the ceremony, President Murmu praised UP's efforts in providing tap water to every household and its innovative experiments in water conservation. Union Jal Shakti minister CR Patil also commended UP's work in providing household tap connections and water conservation efforts in the Bundelkhand and Vindhya regions.

Outlining the work done in UP, a govt spokesperson said that Dr Balakar Singh, the then managing director of Jal Nigam (rural) UP, who was also present to receive the award, implemented several innovative measures for water conservation and management, significantly benefiting farmers by improving irrigation facilities. To enhance irrigation infrastructure, over 6,000 check dams and 1,000 ponds were constructed.

He added that major advancements in rainwater harvesting were made, with structures constructed in 31,360 govt buildings. Another 27,368 traditional water bodies were restored, and 17,279 Amrit Sarovars were built. As a result, five blocks in the state were removed from the over-exploited and critical categories between 2022 and 2023, and the groundwater level improved in 34 cities.

"The state also made strides in wastewater management, constructing 133 sewage treatment plants with a combined capacity of 4,100 MLD to reduce pollution in the Ganga river," he said.

उत्तम जल प्रबंधन के लिए यूपी को मिला नेशनल अवॉर्ड, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

शानदार जल प्रबंधन के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को दूसरा स्थान मिला है. साल 2023 में जल प्रबंधन की दिशा में किए गए बेहतरीन कार्यों के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है. राष्ट्रपति मुर्मू ने एसीएस नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव और हाउसिंग कमिश्नर डॉ बलकार सिंह को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया.

पंकज चतुर्वेदी | Updated on: Oct 22, 2024 | 6:36 PM

जल प्रबंधन और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से नवाजा गया है. ग्रामीण इलाकों में घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने के साथ जल संरक्षण और जल प्रबंधन में बेहतरीन काम के लिए उत्तर प्रदेश को देश में दूसरा स्थान मिला है. मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में राष्टपति द्रोपदी मुर्मू ने यूपी को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया.

उत्तर प्रदेश की ओर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव और आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से राष्ट्रीय जल पुरस्कार ग्रहण किया. सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उड़ीसा को पहला और गुजरात और पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला.

राष्ट्रपति द्रैपदी मुर्मू ने सराहा

इस मौके पर राष्ट्रपति द्रैपदी मुर्मू ने हर घर तक नल से जल पहुंचाने की मुहिम में किए गए कार्यों और और जल संरक्षण की दिशा में किए गए अभिनव प्रयोगों की तारीफ की. कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने भी उत्तर प्रदेश द्वारा बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र में घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने और जल संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यों को सराहा.

यूपी को और भी पुरस्कार

जल संरक्षण और जल प्रबंधन के साथ-साथ उत्तर प्रदेश ने 2023 में सबसे तेजी से राज्य के 17900 गांवों को हर घर नल से जल पहुंचाने का कीर्तिमान स्थापित किया था. 2023 में डायरेक्टर ग्राउंड वॉटर और सचिव नमामि गंगे रहते हुए डॉ बलकार सिंह ने जल संरक्षण और जल प्रबंधन के लिए कई अभिनव प्रयोग किए थे. जिसका लाभ जल प्रबंधन के साथ-साथ किसानों को सिंचाई में भी मिला.

प्रदेश में सिंचाई की व्यवस्था बेहतर करने के लिए कुल 6000 से अधिक चेक डैम और 1000 तालाबों का निर्माण किया गया. इसके अलावा जल संरक्षण के लिए 31360 सरकारी भवनों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया गया. 2022 से 2023 में 5 ब्लॉक अतिदोहित और क्रिटिकल श्रेणी से हटाए गए. साथ ही 34 शहरों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ.

जल निकायों का किया गया नवीनीकरण

प्रदेश में 27,368 पारंपरिक जल निकायों का नवीनीकरण किया गया. 17279 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया. यही वजह थी कि राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार ग्रहण करने के लिए अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे के साथ तत्कालीन डायरेक्टर ग्राउंड वॉटर, सचिव नमामि गंगे डॉ बलकार सिंह मौजूद थे.

जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत उत्तर प्रदेश 22 अक्टूबर, 2024 तक 2 करोड़ 27 लाख 77 हजार 194 ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचा चुका है. जिससे 13.66 करोड़ ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया हो रहा है. इससे पहले हाल ही में राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन को इंटरनेशनल ट्रेड शो में बेस्ट डिस्प्ले अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था.

UNI BREVITY ACCURACY SPEED
United News of India
India's Multi Lingual News Agency
Wednesday, Oct 23 2024 | Time 11:32 Hrs(IST)

UP received National Award for excellent water management

Lucknow, Oct 22 (UNI) Uttar Pradesh has been conferred with the prestigious National Water Award for its outstanding work in water management and conservation.

The state has secured second position in water conservation and management in the country. Meanwhile, Odisha has bagged the first prize in water conservation and management, while Gujarat and Puducherry shared the third spot.

President Droupadi Murmu presented the award at the 5th National Water Awards ceremony held at Vigyan Bhavan in New Delhi on Tuesday. Additional Chief Secretary, Namami Gange and Rural Water Supply Department Anurag Srivastava and Housing Commissioner Dr Balakar Singh received the award on behalf of UP.

It may be noted that UP has made significant strides in providing household tap connections in rural areas and implementing impressive water conservation and management initiatives under the leadership of Chief Minister Yogi Adityanath in recent years.

President Murmu praised UP's efforts in providing tap water to every household and its innovative experiments in water conservation. During the programme, Union Jal Shakti Minister CR Patil also commended UP's work in providing household tap connections and water conservation efforts in Bundelkhand and Vindhya regions.

The state bagged the award for achieving a remarkable feat in 2023 by providing tap water connections to more than 17,900 villages, setting a record for the fastest implementation of the Har Ghar Nal Se Jal scheme.

Acting on the directives of the Yogi government, Dr Balakar Singh, the then Managing Director of Jal Nigam (Rural) UP, implemented several innovative measures for water conservation and management, significantly benefiting farmers by improving irrigation facilities. To enhance irrigation infrastructure, over 6,000 check dams and 1,000 ponds were constructed.

The state also made major advancements in rainwater harvesting, constructing structures in 31,360 government buildings. Additionally, 27,368 traditional water bodies were restored, and 17,279 Amrit Sarovars were built.

As a result, five blocks in the state were removed from the over-exploited and critical categories between 2022 and 2023 and the groundwater level improved in 34 cities.

The state has also made strides in wastewater management, constructing 133 sewage treatment plants (STPs) with a combined capacity of 4,100 MLD to reduce pollution in the Ganga River.

The award recognises UP's efforts in providing clean drinking water to rural households. As of October 22 the state has connected 2.27 crore rural households with tap water, benefiting 13.66 crore people, under the Jal Jeevan Mission's Har Ghar Jal scheme.

Meanwhile, Banda from Uttar Pradesh bagged the Best District award for showcasing exceptional efforts in water management and conservation. Former DM of Banda Durga Shakti Nagpal received the award from the President.

CM Yogi shared on his social media platform 'X,' and said, "Hon'ble President Smt. Draupadi Murmu ji has awarded Uttar Pradesh the second position in the Best State category and Banda district the Best District (North Zone) award under the 5th National Water Award-2023 in New Delhi today. Under the esteemed guidance of Prime Minister Narendra Modi ji, unprecedented work is being carried out in the field of 'Jal Shakti' in UP. This achievement reflects the government's prioritisation of water conservation, management, and active public participation."

He said, "Hearty congratulations to the people of the state and to all those involved in this sacred mission of water conservation and promotion!"

प्रीमियम
अमर उजाला

Sonebhadra News: धंधरौल बांध पर तैरते इंटेकवेल से 1.43 लाख लोगों की बुझेगी प्यास

धंधरौल बांध पर बने तैरते इंटेकवेल से क्षेत्र के 23,779 परिवारों के 1.43 लाख लोगों की प्यास बुझेगी। जल जीवन मिशन की सबसे अनोखी योजना बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना बनकर तैयार है। इस इंटेक से 205 गांवों में नल से स्वच्छ पेयजल की सप्लाई की जाएगी। इंटेक से लिया जाने वाला रॉ-वाटर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचेगा और यहां से सात पानी टंकियों के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी।

जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के तहत जनपद सोनभद्र में 12 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण विभिन्न फर्मों से कराया जा रहा है। योजनाओं में जल आहरण के लिए सोन नदी, रेणु नदी, धंधरौल बांध, नगवां बांध एवं रिहन्द बांध के किनारे पारंपरिक इंटेकवेल का निर्माण किया जाना है। रिहंद, धंघरौल और नगवां बांध का धरातल पथरीला होने के कारण पारंपरिक इंटेकवेल के निर्माण में अत्यधिक समय एवं खर्च लगना था। साथ ही अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने में भी काफी कठिनाई आ रही थी। इसके समाधान के लिए वारी पोन्टून पुणे से फ्लोटिंग इंटेकवेल के लिए प्रस्तुतीकरण लिया गया और इसके लाभ को देखते हुए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव को जानकारी दी गई। इसके बाद उन्होंने इन नई विधि से सोनभद्र में पेयजल की चुनौतियों से निपटने का निर्णय लिया और फ्लोटिंग इंटेक सिस्टम का कार्य प्रारंभ किया गया। बता दें कि सोनभद्र क्षेत्रफल की दृष्टि से यूपी का दूसरा सबसे बड़ा जिला है। जो चार राज्य मध्य प्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं बिहार से घिरा हुआ है। सोनभद्र का 50 प्रतिशत भाग पहाड़ी एवं पथरीला होने के कारण भूमिगत जल में अशुद्धियां एवं जलस्तर कम है।

फ्लोटिंग इंटेक सिस्टम की खूबियां

यह संरचना जल कि सतह पर तैरती रहती है, जिस कारण इसे आसानी से अत्यधिक जल की उपलब्धता वाले स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है। जिन स्थानों पर वॉटर बेसिन के अंदर पत्थर या चट्टानें पाई जाती हैं। वहां पारंपरिक इंटेकवेल का निर्माण किया जाना अत्यधिक कठिन होता है। ऐसे स्थानों के लिए फ्लोटिंग इंटक सिस्टम एक आसान विकल्प है। इस संरचना के निर्माण एवं रख रखाव की लागत पारंपरिक इंटकवेल से कम है।

धंधरौल बांध में स्थायी इंटकवेल के बजाय फ्लोटिंग वेल का इस्तेमाल किया गया है। पथरीली इलाकों में कम लागत में जल्द से जल्द इसे तैयार किया जा सकता है। जिले के भौगोलिग परिस्थितियों के हिसाब से यह सबसे अच्छा है। धंधरौल के साथ ही रिहंद बांद में भी झीलो-बीजपुर परियोजना में इसका इस्तेमाल किया गया है। - महेंद्र सिंह, एक्सईएन-जल निगम ग्रामीण।

प्रीमियम अमर उजाला

डेढ़ लाख लोगों की बुझेगी प्यास : धंधरौल बांध पर तैरते इंटेकवेल से होगा फायदा, 205 गांव लाभांवित; ऐसे होगा काम

अमर उजाला नेटवर्क, सोनभद्र। Published by: अमन विश्वकर्मा Updated Sun, 13 Oct 2024 06:12 PM IST

Sonbhadra News: इस इंटेक से 205 गांवों के 23,779 ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सप्लाई किया जाएगा। इंटेक से लिया जाने वाला रॉ-वाटर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचेगा और यहां से सात पानी टंकियों के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी।

सोनभद्र के धधरौल बांध में लगा इंटेक वेल। - फोटो : अमर उजाला

जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के तहत जनपद सोनभद्र में 12 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण विभिन्न फर्मों से कराया जा रहा है। योजनाओं में जल आहरण के लिए सोन नदी, रेणु नदी, धंधरौल बांध, नगवां बांध एवं रिहन्द बांध के किनारे पारंपरिक इंटेकवेल का निर्माण किया जाना है। रिहंद, धंघरौल और नगवां बांध का धरातल पथरीला होने के कारण पारंपरिक इंटेकवेल के निर्माण में अत्यधिक समय एवं खर्च लगना था।

फ्लोटिंग इंटेक सिस्टम की खूबियां

साथ ही अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने में भी काफी कठिनाई आ रही थी। इसके समाधान के लिए वारी पोन्टून पुणे से फ्लोटिंग इंटेकवेल के लिए प्रस्तुतीकरण लिया गया और इसके लाभ को देखते हुए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव को जानकारी दी गई। इसके बाद उन्होंने इन नई विधि से सोनभद्र में पेयजल की चुनौतियों से निपटने का निर्णय लिया और फ्लोटिंग इंटेक सिस्टम का कार्य प्रारंभ किया गया।

बता दें कि सोनभद्र क्षेत्रफल की दृष्टि से यूपी का दूसरा सबसे बड़ा जिला है। जो चार राज्य मध्य प्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं बिहार से घिरा हुआ है। सोनभद्र का 50 प्रतिशत भाग पहाड़ी एवं पथरीला होने के कारण भूमिगत जल में अशुद्धियां एवं जलस्तर कम है।

यह संरचना जल कि सतह पर तैरती रहती है, जिस कारण इसे आसानी से अत्यधिक जल की उपलब्धता वाले स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है। जिन स्थानों पर वॉटर बेसिन के अंदर पत्थर या चट्टानें पाई जाती हैं। वहां पारंपरिक इंटेकवेल का निर्माण किया जाना अत्यधिक कठिन होता है। ऐसे स्थानों के लिए फ्लोटिंग इंटक सिस्टम एक आसान विकल्प है। इस संरचना के निर्माण एवं रख रखाव की लागत पारंपरिक इंटकवेल से कम है।

उत्तर प्रदेश
Uttar Pradesh

यूपी में फ्लोटिंग वाटर इनटेक से पूरा होगा जल जीवन मिशन का लक्ष्य, 205 गावों के 1.43 लाख ग्रामीणों को मिलेगा पीने का पानी

सोनभद्र में धंधरौल जलाशय में बनाया गया तैरता वाटर इनटेक, घर-घर पेयजल पहुंचाया जाएगा

इस तरह का नजारा लोगों के लिए सबसे अलग होगा. (Photo Credit- ETV Bharat)

By ETV Bharat Uttar Pradesh Team
Published : Oct 13, 2024, 9:02 PM IST

4 Min Read

सोनभद्र: धंधरौल जलाशय पर तैरता इंटेक वेल नई तकनीक से बनाया गया है. इस वाटर इनटेक से जुड़े पाइप, फ्लोटर की मदद से बांध में तैरते हुए रॉ-वाटर को डब्ल्यूटीपी तक पहुंचाएंगे. इससे 7 पानी टंकियों से 205 गांव के 23,779 ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा.

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि सोनभद्र के लोग नदी के पेयजल पर ही आश्रित थे, लेकिन जल जीवन मिशन की योजना से नदियों और बांधों पर इंटेक बनाकर घर-घर पेयजल पहुंचाया जाएगा. सोन नदी के किनारे बसे सोनभद्र जिले में जल जीवन मिशन की सबसे अनोखी योजना बनकर तैयार है. इंटेक से जुड़े पाइपलाइन फ्लोटर पर बांध पर तैरते हुए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाते हुए नजर आएंगे. इस तरह का नजारा लोगों के लिए सबसे अलग होगा.

जल जीवन मिशन की योजना से नदियों और बांधों पर इंटेक बनाकर घर-घर पेयजल पहुंचाया जाएगा. (Photo Credit- ETV Bharat)

यह इंटेक 205 गांव के 23,779 ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सप्लाई करेगा. 1 लाख 30 हजार से अधिक ग्रामीण इस योजना से लाभान्वित होंगे. सात टंकियों से पेयजल पहुंचाने की योजना है. जल जीवन मिशन योजना यूपी के सोनभद्र जिले के लिए वरदान साबित हो रही है. यहां कभी पीने के पानी की समस्या बड़ी विकट थी, लेकिन जब से जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना का काम शुरू हुआ, स्थितियां बदलने लगीं हैं. अब गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है. बीमारियां भी घटी हैं और ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है.

पेयजल की समस्या को दूर करने लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम के तहत जनपद में सतही श्रोत जैसे जलाशयों और नदियों पर आधारीत 12 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है. योजनाओं में जल आहरण के लिए सोन नदी, रेणु नदी, धंधरौल बांध, नगवां बांध एवं रिहन्द बांध के किनारे पर पारंपरिक इण्टेक वेल का निर्माण किया जाना है. रिहन्द बांध और धंधरौल बांध एवं नगवां बांध का धरातल पथरीला होने के कारण पारंपरिक इण्टेकवेल के निर्माण में अत्यधिक समय एवं खर्च लगना था.

साथ ही अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने में भी कठिनाई हो रही थी. इसके समाधान के लिये वारी पोन्टून कंपनी पुणे से फ्लोटिंग इण्टेकवेल हेतु अनुबंध किया गया और इसके लाभ को देखते हुए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने इस नई विधि से सोनभद्र में पेयजल की चुनौतियों से निपटने का निर्णय लिया और फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम का कार्य प्रारंभ किया गया. नई तकनीक फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम की खूबियों के चलते किया जा रहा प्रयोग जनपद-सोनभद्र का क्षेत्र पहाड़ी है. एप्रोच रोड और डैम बनाने के लिए मिट्टी उपलब्ध होना भी कठिन होता है.

पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बांध का धरातल पथरीला है. इन बातों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकी का उपयोग किया गया, जिसे फ्लोटिंग इण्टेक कहा जाता है. फ्लोटिंग इण्टेक यूनिट का निर्माण पम्प स्टेशन को पानी की सतह पर रखकर और उस तक जाने वाली पाइप लाइन को फ्लोटिंग ब्रिज या वे लाइन से जोड़कर किया जाता है. यह संरचना जल कि सतह पर तैरती रहती है, जिस कारण इसे आसानी से अत्यधिक जल की उपलब्धता वाले स्थान पर स्थानान्तरीत किया जा सकता है. जिन स्थानों पर वॉटर बेसिन के अन्दर पत्थर या चट्टाने पायी जाती है, वहां पारम्परिक इण्टेकवेल का निर्माण किया जाना अत्यधिक कठिन होता है.

ऐसे स्थानों के लिए फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम एक मात्र आसान विकल्प है. इस संरचना के निर्माण एवं रख रखाव की लागत पारम्परिक इण्टेकवेल से कम है. इस संरचना द्वारा सतही जल निरन्तर प्राप्त किया जा सकता है. वाटर बेसिन में जल की मात्रा अत्यधिक होने या कम होने पर भी आहरित जल की गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नही पड़ता है. फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम में लगने वाली पाईप लाईन को फ्लोटिंग ब्रिज या वे लाइन से जोड़कर एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जाता है.

इसमें किसी प्रकार के चैम्बर एवं ट्रैन्च खुदाई की आवश्यकता नहीं होती है. सहायक अभियंता अरुण सिंह ने बताया कि फ्लोटिंग इनटेक वेल योजना सोनभद्र के लिए बहुत ही प्रभावी है, क्योंकि यहां जलाशयों की सतह चट्टानी है. इससे जल जीवन मिशन को सोनभद्र में प्रभावी तौर पर लागू किया जा सकेगा.

हिन्दुस्तान

सोनभद्र की नई पहचान बना धंधरौला बांध पर तैरता इंटेक वेल, 205 गांवों को मिलेगा साफ पानी

सोनभद्र में जल जीवन मिशन की सबसे अनोखी योजना बनकर तैयार है। बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के तहत धंधरौल बांध पर तैरता इंटेक दिखाई देगा। इंटेक से जुड़े पाइपलाइन फ्लोटर पर बांध पर तैरते हुए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाते हुए नजर...



Pawan Kumar Sharma ▪ लाइव हिन्दुस्तान

Sun, 13 Oct 2024 07:44 PM

Share सब्सक्राइब करें

सोन नदी के किनारे बसे सोनभद्र जिले में जल जीवन मिशन की सबसे अनोखी योजना बनकर तैयार है। बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के तहत धंधरौल बांध पर तैरता इंटेक दिखाई देगा। इंटेक से जुड़े पाइपलाइन फ्लोटर पर बांध पर तैरते हुए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाते हुए नजर आएंगे। इस तरह का नजारा आपके लिए सबसे अलग होगा। यह इंटेक 205 गांव के 23,779 ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सप्लाई करेगा। 1 लाख 30 हजार से अधिक ग्रामीण इस योजना से लाभान्वित होंगे। इंटेक से लिया जाने वाला रॉ-वाटर वाटर ट्रीमेंट प्लांट पहुंचेगा और यहां से 7 पानी टंकियों के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी। योजना के तहत 5 सीडब्ल्यूआर भी बनाए गये हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना यूपी के सोनभद्र जिले के लिए वरदान साबित हो रही है। यहां कभी पीने के पानी की समस्या बड़ी विकट थी। भूजल स्तर गिरा रहता था, पानी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठते थे। जल जनित बीमारियों का खतरा मंडराता था। पर, जब से जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना का काम शुरू हुआ स्थितियां बदलने लगीं और परिवर्तन भी आया है। अब गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। बीमारियां भी घटी हैं और ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है। यहां पेयजल कि समस्या को दूर करने लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम के तहत जनपद में सतही श्रोत पर आधारीत 12 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं का निर्माण विभिन्न फर्मों द्वारा कराया जा रहा है।

NBT
नवभारत टाइम्स

सोनभद्र की नई पहचान बना धंधरौला बांध पर तैरता इंटेक वेल, लाखों लोगों की बुझा रहा है प्यास

Edited By राघवेंद्र शुक्ला | नवभारतटाइम्स.कॉम • 13 Oct 2024, 10:53 pm

सोनभद्र जिले में जल जीवन मिशन के तहत बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना में धंधरौल बांध पर फ्लोटिंग इंटेक सिस्टम स्थापित किया गया है, जिससे 205 गांवों के 23,779 परिवारों को स्वच्छ पेयजल...

तैरता इंटेक वेल

सोनभद्र: सोन नदी के किनारे बसे सोनभद्र जिले में जल जीवन मिशन की सबसे अनोखी योजना बनकर तैयार है। बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के तहत धंधरौल बांध पर तैरता इंटेक दिखाई देगा। इंटेक से जुड़े पाइपलाइन फ्लोटर पर बांध पर तैरते हुए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाते हुए नजर आएंगे। इस तरह का नजारा आपके लिए सबसे अलग होगा। यह इंटेक 205 गांव के 23,779 ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सप्लाई करेगा। 1 लाख 30 हजार से अधिक ग्रामीण इस योजना से लाभान्वित होंगे। इंटेक से लिया जाने वाला रॉ-वाटर वाटर ट्रीमेंट प्लांट पहुंचेगा और यहां से 7 पानी टंकियों के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी। योजना के तहत 5 सीडब्ल्यूआर भी बनाए गये हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना यूपी के सोनभद्र जिले के लिए वरदान साबित हो रही है। यहां कभी पीने के पानी की समस्या बड़ी विकट थी। भूजल स्तर गिरा रहता था, पानी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठते थे। जल जनित बीमारियों का खतरा मंडराता था। पर, जब से जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना का काम शुरू हुआ स्थितियां बदलने लगीं और परिवर्तन भी आया है। अब गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। बीमारियां भी घटी हैं और ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है।

यहां पेयजल कि समस्या को दूर करने लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम के तहत जनपद में सतही श्रोत पर आधारीत 12 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं का निर्माण विभिन्न फर्मों द्वारा कराया जा रहा है। योजनाओं में जल आहरण के लिए सोन नदी, रेणु नदी, धंघरौल बांध, नगवां बांध एवं रिहन्द बांध के किनारे पर पारंपरिक इण्टेकवेल का निर्माण किया जाना है। रिहन्द बांध, धंघरौल बांध एवं नगवां बांध का धरातल पथरीला होने के कारण पारंपरिक इण्टेकवेल के निर्माण में अत्यधिक समय एवं खर्च लगना था साथ ही अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने में भी काफी कठिनाईयां आ रही थीं।

सोनभद्र क्षेत्रफल की दृष्टि से यूपी का दूसरा सबसे बड़ा जिला है, जो 4 राज्यों मध्य प्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं बिहार से घिरा हुआ है। सोनभद्र का 50 प्रतिशत भाग पहाड़ी एवं पथरीला होने के कारण भूमिगत जल में अशुद्धिया एवं जलस्तर कम है।

और क्या थीं चुनौतियां
जनपद-सोनभद्र का क्षेत्र पहाड़ी है
एप्रोच रोड एवं कॉफर डैम बनाने के लिए मिट्टी उपलब्ध होना कठिन
पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बांध का धरातल पथरीला है
पथरीले स्थान होने के कारण योजना में अत्यधिक समय लगने के साथ खर्चीला भी है
इन बातों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकी का उपयोग किया गया, जिसे फ्लोटिंग इण्टेक कहा जाता है
फ्लोटिंग इण्टेक यूनिट का निर्माण पम्प स्टेशन को पानी की सतह पर रखकर और उस तक जाने वाली पाईप लाईन को फ्लोटिंग ब्रिज या वे लाईन से जोड़कर किया जाता है

समर सलिल
www.samarsalcel.com

सोनभद्र के धंधरौल बांध पर तैरता इंटेक 1 लाख 43 हजार से अधिक ग्रामीणों की बुझा रहा प्यास

₹27.72 ▲

October 13, 2024

• सोनभद्र की नई पहचान बना धंधरौला बांध पर तैरता इंटेक वेल

• जल जीवन मिशन की योजना से नदियों और बांधों पर इंटेक बनाकर घर-घर पहुंचाए गये नल कनेक्शन

सोनभद्र/लखनऊ। सोन नदी के किनारे बसे सोनभद्र जिले में जल जीवन मिशन की सबसे अनोखी योजना बनकर तैयार है। बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के तहत धंधरौल बांध पर तैरता इंटेक दिखाई देगा। इंटेक से जुड़े पाइपलाइन फ्लोटर पर बांध पर तैरते हुए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाते हुए नजर आएंगे। इस तरह का नजारा आपके लिए सबसे अलग होगा।

'तेहरान को नहीं थी सात अक्तूबर के हमास के हमले की जानकारी', ईरान ने इस्राइल के दावे को किया खारिज

यह इंटेक 205 गांव के 23,779 ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सप्लाई करेगा। 1 लाख 30 हजार से अधिक ग्रामीण इस योजना से लाभान्वित होंगे। इंटेक से लिया जाने वाला रॉ-वाटर वाटर ट्रीमेंट प्लांट पहुंचेगा और यहां से 7 पानी टंकियों के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी। योजना के तहत 5 सीडब्ल्यूआर भी बनाए गये हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना यूपी के सोनभद्र जिले के लिए वरदान साबित हो रही है। यहां कभी पीने के पानी की समस्या बड़ी विकट थी। भूजल स्तर गिरा रहता था, पानी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठते थे। जल जनित बीमारियों का खतरा मंडराता था। पर, जब से जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना का काम शुरू हुआ स्थितियां बदलने लगीं और परिवर्तन भी आया है।

अब गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। बीमारियां भी घटी हैं और ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है। यहां पेयजल कि समस्या को दूर करने लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम के तहत जनपद में सतही श्रोत पर आधारीत 12 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं का निर्माण विभिन्न फर्मों द्वारा कराया जा रहा है।

योजनाओं में जल आहरण हेतु सोन नदी, रेणु नदी, धंधरौल बांध, नगवां बांध एवं रिहन्द बांध के किनारे पर पारंपरिक इण्टेकवेल का निर्माण किया जाना है। रिहन्द बांध, धंधरौल बांध एवं नगवां बांध का धरातल पथरीला होने के कारण पारंपरिक इण्टेकवेल के निर्माण में अत्यधिक समय एवं खर्च लगना था साथ ही अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने में भी काफी कठिनाईयां आ रही थीं।

अतः इसके समाधान के लिये वारी पोन्टून पूणे से फ्लोटिंग इण्टेकवेल हेतु प्रस्तुतीकरण लिया गया और इसके लाभ को देखते हुए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को जानकारी दी गई। जिसके बाद उन्होंने इन नई विधि से सोनभद्र में पेयजल की चुनौतियों से निपटने का निर्णय लिया और फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम का कार्य प्रारंभ किया गया।

सोनभद्र में भूमिगत जल में अशुद्धियां और कम जलस्तर थी समस्या

जनपद-सोनभद्र क्षेत्रफल की दृष्टि से यूपी का दूसरा सबसे बड़ा जिला है, जो 4 राज्यों मध्य प्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं बिहार से घिरा हुआ है। सोनभद्र का 50 प्रतिशत भाग पहाड़ी एवं पथरीला होने के कारण भूमिगत जल में अशुद्धिया एवं जलस्तर कम है।

और क्या थीं चुनौतियां

जनपद-सोनभद्र का क्षेत्र पहाड़ी है। एप्रोच रोड एवं कॉफर डैम बनाने के लिए मिट्टी उपलब्ध होना कठिन। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बांध का धरातल पथरीला है। पथरीले स्थान होने के कारण योजना में अत्यधिक समय लगने के साथ खर्चीला भी है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकी का उपयोग किया गया, जिसे फ्लोटिंग इण्टेक कहा जाता है। फ्लोटिंग इण्टेक यूनिट का निर्माण पम्प स्टेशन को पानी की सतह पर रखकर और उस तक जाने वाली पाईप लाईन को फ्लोटिंग ब्रिज या वे लाईन से जोड़कर किया जाता है।

फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम की खूबियां

यह संरचना जल कि सतह पर तैरती रहती है, जिस कारण इसे आसानी से अत्यधिक जल की उपलब्धता वाले स्थान पर स्थानान्तरीत किया जा सकता है। जिन स्थानों पर वॉटर बेसिन के अन्दर पत्थर या चट्टाने पायी जाती है वहाँ पारम्परिक इण्टेकवेल का निर्माण किया जाना अत्यधिक कठिन होता है। ऐसे स्थानों के लिए फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम एक मात्र आसान विकल्प है।

इस संरचना के निर्माण एवं रख रखाव की लागत पारम्परीक इण्टेकवेल से कम है। इस संरचना द्वारा सतही जल निरन्तर प्राप्त किया जा सकता है। वाटर बेसिन में जल की मात्रा अत्यधिक होने या कम होने पर भी आहरीत जल की गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नही पड़ता है। फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम में लगने वाली पाईप लाईन को फ्लोटिंग ब्रीज या वे लाईन से जोड़कर एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जाता है, जिसमे किसी प्रकार के चेम्बर एवं ट्रेन्च खुदाई की आवश्यकता नही होती है। जिस कारण से पाईप लाईन का रख रखाव कम खर्चीला एवं आसान होता है।

सोनभद्र की नई पहचान बना धंधरौला बांध पर तैरता इंटेक वेल

By **National News Vision** - October 13, 2024

76 0

सोनभद्र/लखनऊ। सोन नदी के किनारे बसे सोनभद्र जिले में जल जीवन मिशन की सबसे अनोखी योजना बनकर तैयार है। बेलाही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के तहत धंधरौल बांध पर तैरता इंटेक दिखाई देगा। इंटेक से जुड़े पाइपलाइन फ्लोटर पर बांध पर तैरते हुए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाते हुए नजर आएंगे।

तैरता इंटेक 1 लाख 43 हजार से अधिक ग्रामीणों की बुझा रहा प्यास

इस तरह का नजारा आपके लिए सबसे अलग होगा। यह इंटेक 205 गांव के 23,779 ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सप्लाई करेगा। 1 लाख 30 हजार से अधिक ग्रामीण इस योजना से लाभान्वित होंगे।

इंटेक से लिया जाने वाला रॉ-वाटर वाटर ट्रीमेंट प्लांट पहुंचेगा और यहां से 7 पानी टंकियों के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी। योजना के तहत 5 सीडब्ल्यूआर भी बनाए गये हैं।

इंटेक से जुड़े पाइप फ्लोटर की मदद से बांध में तैरते हुए रॉ-वाटर डब्ल्यूटीपी तक पहुंचाएंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना यूपी के सोनभद्र जिले के लिए वरदान साबित हो रही है। यहां कभी पीने के पानी की समस्या बड़ी विकट थी। भूजल स्तर गिरा रहता था, पानी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठते थे। जल जनित बीमारियों का खतरा मंडराता था।

पर, जब से जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना का काम शुरू हुआ स्थितियां बदलने लगीं और परिवर्तन भी आया है। अब गांव-गांव में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है।

7 पानी टंकियों से 205 गांव के 23,779 ग्रामीण परिवारों को मिलेगा नल से स्वच्छ पेयजल

बीमारियां भी घटी हैं और ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है। यहां पेयजल कि समस्या को दूर करने लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम के तहत जनपद में सतही श्रोत पर आधारीत 12 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं का निर्माण विभिन्न फर्मों द्वारा कराया जा रहा है।

भूजल स्तर में कमी के कारण कभी नदी पर ही आश्रित वे सोनभद्र के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग

योजनाओं में जल आहरण हेतु सोन नदी, रेणु नदी, धंघरौल बांध, नगवां बांध एवं रिहन्द बांध के किनारे पर पारंपरिक इण्टेकवेल का निर्माण किया जाना है।

रिहन्द बांध, धंघरौल बांध एवं नगवां बांध का धरातल पथरीला होने के कारण पारंपरिक इण्टेकवेल के निर्माण में अत्यधिक समय एवं खर्च लगना था साथ ही अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने में भी काफी कठिनाईयां आ रही थीं।

जल जीवन मिशन की योजना से नदियों और बांधों पर इंटेक बनाकर घर-घर पहुंचाए गये नल कनेक्शन

अतः इसके समाधान के लिये वारी पोन्टून पूणे से फ्लोटिंग इण्टेकवेल हेतु प्रस्तुतीकरण लिया गया और इसके लाभ को देखते हुए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को जानकारी दी गई।

जिसके बाद उन्होंने इन नई विधि से सोनभद्र में पेयजल की चुनौतियों से निपटने का निर्णय लिया और फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम का कार्य प्रारंभ किया गया।

सोनभद्र में भूमिगत जल में अशुद्धियां और कम जलस्तर थी समस्या

जनपद-सोनभद्र क्षेत्रफल की दृष्टि से यूपी का दूसरा सबसे बड़ा जिला है, जो 4 राज्यों मध्य प्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं बिहार से घिरा हुआ है। सोनभद्र का 50 प्रतिशत भाग पहाड़ी एवं पथरीला होने के कारण भूमिगत जल में अशुद्धिया एवं जलस्तर कम है।

और क्या थीं चुनौतियां

- जनपद-सोनभद्र का क्षेत्र पहाड़ी है
- एप्रोच रोड एवं कॉफर डैम बनाने के लिए मिट्टी उपलब्ध होना कठिन
- पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बांध का धरातल पथरीला है
- पथरीले स्थान होने के कारण योजना में अत्यधिक समय लगने के साथ खर्चीला भी है
- इन बातों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकी का उपयोग किया गया, जिसे फ्लोटिंग इण्टेक कहा जाता है
- फ्लोटिंग इण्टेक यूनिट का निर्माण पम्प स्टेशन को पानी की सतह पर रखकर और उस तक जाने वाली पाईप लाईन को फ्लोटिंग ब्रिज या वे लाईन से जोड़कर किया जाता है

फ्लोटिंग इण्टेक सिस्टम की खूबियां

यह संरचना जल कि सतह पर तैरती रहती है, जिस कारण इसे आसानी से अत्यधिक जल की उपलब्धता वाले स्थान पर स्थानान्तरीत किया जा सकता है। जिन स्थानों पर वॉटर बेसिन के अन्दर पत्थर या चट्टाने पायी जाती है वहाँ पारम्परिक इण्टेकवेल का निर्माण किया जाना अत्यधिक कठिन होता है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

सीएम योगी का प्रयास लाया रंग, 'नल से जल' क्रांति से सीएम ने लगाई जेई और एईएस पर लगाम

By Muskan Dixit | On 17 Oct 2024 17:33:46

मुख्यमंत्री का प्रयास रंग लाया है। जेई-एईएस से अब किसी का घर सूना नहीं होगा। योगी सरकार के मार्गदर्शन में जेई-एईएस से प्रभावित जनपदों में स्वच्छ जल पहुंचाया गया है। सामूहिक प्रयास से मृत्यु के आंकड़े भी शून्य किए गए हैं। बलरामपुर में 93, बहराइच में 92.66, गोरखपुर में 92.13, कुशीनगर में 90.73, आकांक्षात्मक जनपद सिद्धार्थनगर में भी 85.06 प्रतिशत से अधिक घरों तक पहुंचाया गया नल से स्वच्छ जल।

लखनऊ, अमृत विचारः पूर्वांचल में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) से बच्चों की मौत ने देश की संसद को हिला दिया था। सिर्फ 2005 में ही 6000 से ज्यादा बच्चे इसकी चपेट में आए। इनमें से 1400 से ज्यादा की मौत हो गई थी।

2017 के पहले तक जेई और एईएस से मौतों का आंकड़ा 50 हजार के पार हो गया था और इसका केंद्र था गोरखपुर मंडल। सीएम योगी आदित्यनाथ तब गोरखपुर के सांसद थे। मामला संसद में उठा। फिर 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो इसके बाद से इंसेफेलाइटिस के खिलाफ जंग जमीन पर उतर गई। उन्होंने इंसेफेलाइटिस समाप्त करने की मुहिम अपने हाथ में ले ली और निरंतर प्रयास से इसमें सफलता भी हासिल की। बीते दो साल में केवल बहराइच और कुशीनगर में एक-एक मौत दर्ज की गई है। इसके अलावा कहीं भी जेई से कोई मौत नहीं हुई। एईएस के मामलों में भी 99 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। सीएम योगी के नेतृत्व में इसकी एक अहम वजह 'जल क्रांति' भी है। हर घर में नल से पहुंचता साफ पानी इस भयावह बीमारी के नियंत्रित होने का अहम कारण है।

सीएम के नेतृत्व में बीमारियों पर लगा अंकुश

साल 1978 में उत्तर प्रदेश में जेई का पहला मामला दर्ज किया गया था। शुरुआती दो दशकों में इस बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों में से 30 प्रतिशत से ज्यादा की मौत हो जाती थी। खास बात यह है कि सर्वाधिक प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले थे। इसका सबसे अधिक दंश बच्चों को झेलना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों के काटने की वजह से व्यक्ति जेई से ग्रसित होता है, जबकि एईएस दिमागी बुखार है। मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी को देखते हुए योगी सरकार ने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने और शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना बनाई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान तेज किया।

'हर घर नल से जल' योजना से पहुंचा स्वच्छ पानी

सीएम योगी के मार्गदर्शन में साफ पानी पहुंचाने की नीति को अंजाम दिया गया जल जीवन मिशन की 'हर घर नल से जल' योजना से। चूंकि मामला गंभीर था और योगी सरकार की प्राथमिकता भी, इसलिए प्रभावित जिलों में नल से पानी पहुंचाने की मुहिम को बेहद तेज गति दी गई। जल जीवन मिशन के मुताबिक प्रभावित जिलों में 85 से लेकर 92 प्रतिशत तक घरों में टैप वॉटर पहुंचाया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक साफ पानी की आसान उपलब्धता ने पानी से फैलने वाले संक्रमण की संभावनाओं को कम किया है। इसके अलावा लोगों को हाइड्रेटेड रहने में मदद मिली है। इससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत हुई है। जेई और एईएस जैसी बीमारियों से लड़ने यह भी एक अहम पहलू रहा है।

100 प्रतिशत घरों में टैप वॉटर की होगी पहुंच

नमामि गंगे के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि साफ पानी की उपलब्धता से बीमारियों के फैलने की संभावना कम हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार ने भी इन जानलेवा बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद की है। साफ पानी स्वस्थ जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कटिबद्ध हैं।' जल्द ही हम 100 प्रतिशत घरों में टैप वॉटर पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लेंगे।

हिन्दुस्थान समाचार
Hindusthan Samachar
स्थापित – 1948
सत्य संवाद सेवा
बहुभाषी न्यूज एजेंसी

यूपी में 'नल से जल' क्रांति से लगी जेई व एईएस पर लगाम

17 Oct 2024 17:43:31

लखनऊ, 17 अक्टूबर (हि.स.)। उप्र में नल से जल क्रांति से जेई और एईएस जैसी बीमारी पर रोक लग गयी है। बीते दो साल में केवल बहराइच और कुशीनगर में एक-एक मौत दर्ज की गई है। इसके अलावा कहीं भी जेई से कोई मौत नहीं हुई। एईएस के मामलों में भी 99 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में इसकी एक अहम वजह 'जल क्रांति' भी है। हर घर में नल से पहुंचता साफ पानी इस भयावह बीमारी के नियंत्रित होने का अहम कारण है।

पूर्वांचल में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में बच्चों की मौत होती थी। 2005 में ही 6000 से ज्यादा बच्चे इसकी चपेट में आए। इनमें से 1400 से ज्यादा की मौत हो गई थी। 2017 के पहले तक जेई और एईएस से मौतों का आंकड़ा 50 हजार के पार हो गया था और इसका केंद्र था गोरखपुर मंडल। सीएम योगी आदित्यनाथ तब गोरखपुर के सांसद थे। मामला संसद में उठा। फिर 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो इसके बाद से इंसेफेलाइटिस के खिलाफ जंग जमीन पर उतर गई। उन्होंने इंसेफेलाइटिस समाप्त करने की मुहिम अपने हाथ में ले ली और निरंतर प्रयास से इसमें सफलता भी हासिल की। बीते दो साल में केवल बहराइच और कुशीनगर में एक-एक मौत दर्ज की गई है। इसके अलावा कहीं भी जेई से कोई मौत नहीं हुई। एईएस के मामलों में भी 99 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। सीएम योगी के नेतृत्व में इसकी एक अहम वजह 'जल क्रांति' भी है। हर घर में नल से पहुंचता साफ पानी इस भयावह बीमारी के नियंत्रित होने का अहम कारण है।

सीएम योगी के नेतृत्व में समन्वय ने बीमारियों पर लगाया अंकुश

साल 1978 में उत्तर प्रदेश में जेई का पहला मामला दर्ज किया गया था। शुरुआती दो दशकों में इस बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों में से 30 प्रतिशत से ज्यादा की मौत हो जाती थी। खास बात यह है कि सर्वाधिक प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले थे। इसका सबसे अधिक दंश बच्चों को झेलना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों के काटने की वजह से व्यक्ति जेई से ग्रसित होता है, जबकि एईएस दिमागी बुखार है। मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी को देखते हुए योगी सरकार ने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने और शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना बनाई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान तेज किया।

योगी सरकार के मार्गदर्शन में 'हर घर नल से जल' योजना से पहुंचा स्वच्छ पानी

मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में साफ पानी पहुंचाने की नीति को अंजाम दिया गया जल जीवन मिशन की 'हर घर नल से जल' योजना से। चूंकि मामला गंभीर था और योगी सरकार की प्राथमिकता भी, इसलिए प्रभावित जिलों में नल से पानी पहुंचाने की मुहिम को बेहद तेज गति दी गई। जल जीवन मिशन के मुताबिक प्रभावित जिलों में 85 से लेकर 92 प्रतिशत तक घरों में टैप वॉटर पहुंचाया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक साफ पानी की आसान उपलब्धता ने पानी से फैलने वाले संक्रमण की संभावनाओं को कम किया है। इसके अलावा लोगों को हाइड्रेटेड रहने में मदद मिली है। इससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत हुई है। जेई और एईएस जैसी बीमारियों से लड़ने यह भी एक अहम पहलू रहा है।

नमामि गंगे के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि साफ पानी की उपलब्धता से बीमारियों के फैलने की संभावना कम हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार ने भी इन जानलेवा बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद की है। साफ पानी स्वस्थ जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कटिबद्ध हैं।' जल्द ही हम 100 प्रतिशत घरों में टैप वॉटर पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लेंगे।

स्वदेश

लखनऊ: सीएम योगी के नेतृत्व में 'नल से जल' क्रांति से लगी जेई एवं एईएस पर लगाम...

By - Swadesh Digital |17 Oct 2024 5:18 PM
Reading Time: 3 mins read

बतौर सांसद योगी आदित्यनाथ ने सड़क से संसद तक लड़ी थी इंसेफेलाइटिस की लड़ाई योगी आदित्यनाथ ने जब सत्ता संभाली तो जेई-एईएस की रोकथाम का अभियान अपने हाथ में लिया

लखनऊ। पूर्वांचल में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) से बच्चों की मौत ने देश की संसद को हिला दिया था। सिर्फ 2005 में ही 6,000 से ज्यादा बच्चे इसकी चपेट में आए। इनमें से 1,400 से ज्यादा की मौत हो गई थी। 2017 के पहले तक जेई और एईएस से मौतों का आंकड़ा 50 हजार के पार हो गया था और इसका केंद्र था गोरखपुर मंडल। सीएम योगी आदित्यनाथ तब गोरखपुर के सांसद थे। मामला संसद में उठा। फिर 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो इसके बाद से इंसेफेलाइटिस के खिलाफ जंग जमीन पर उतर गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंसेफेलाइटिस समाप्त करने की मुहिम अपने हाथ में ले ली और निरंतर प्रयास से इसमें सफलता भी हासिल की। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि बीते दो साल में केवल बहराइच और कुशीनगर में एक-एक मौत दर्ज की गई है। इसके अलावा कहीं भी जेई से कोई मौत नहीं हुई। एईएस के मामलों में भी 99 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। सीएम योगी के नेतृत्व में इसकी एक अहम वजह 'जल क्रांति' भी है। हर घर में नल से पहुंचता साफ पानी इस भयावह बीमारी के नियंत्रित होने का अहम कारण है।

सीएम योगी के नेतृत्व में समन्वय ने बीमारियों पर लगाया अंकुश : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि साल 1978 में उत्तर प्रदेश में जेई का पहला मामला दर्ज किया गया था। शुरुआती दो दशकों में इस बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों में से 30 प्रतिशत से ज्यादा की मौत हो जाती थी। खास बात यह है कि सर्वाधिक प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले थे। इसका सबसे अधिक दंश बच्चों को झेलना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों के काटने की वजह से व्यक्ति जेई से ग्रसित होता है, जबकि एईएस दिमागी बुखार है। मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी को देखते हुए योगी सरकार ने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने और शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना बनाई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान तेज किया।

JE and AES brought under control under the leadership of CM Yogi

District	Year	AES		JE	
		case	death	case	death
Gorakhpur	2018	451	38	39	3
	2024	24	0	0	0
Basti	2018	180	13	23	0
	2024	21	0	0	0
Maharajganj	2018	244	18	60	3
	2024	18	0	4	0
Siddharth Nagar	2018	168	22	20	4
	2024	11	0	0	0
Kushinagar	2018	302	37	23	2
	2024	34	0	0	0
Sant kabir nagar	2018	127	9	9	0
	2024	19	0	1	0

जिला	टैप कनेक्शनों की संख्या	प्रतिशत
बलरामपुर	2,87,670	93.00
बहराइच	5,13,677	92.66
गोरखपुर	5,20,422	92.13
कुशीनगर	5,01,390	90.73
संत कबीरनगर	2,05,200	89.20
महराजगंज	3,79,987	87.83
बस्ती	3,11,276	86.53
श्रावस्ती	1,64,865	88.60
सिद्धार्थनगर	3,42,195	85.06

जल्द ही 100 प्रतिशत घरों में टैप वॉटर की होगी पहुंच - एसीएस नमामि गंगे : नमामि गंगे के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि साफ पानी की उपलब्धता से बीमारियों के फैलने की संभावना कम हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार ने भी इन जानलेवा बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद की है। साफ पानी स्वस्थ जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कटिबद्ध हैं।' जल्द ही हम 100 प्रतिशत घरों में टैप वॉटर पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लेंगे।

Live VNS

यूपी में'नल से जल' क्रांति से लगी जेई व एईएस पर लगाम

By Livevns.news Desk Oct 17, 2024, 17:43 IST

लखनऊ, 17 अक्टूबर (हि.स.)। उप्र में नल से जल क्रांति से जेई और एईएस जैसी बीमारी पर रोक लग गयी है। बीते दो साल में केवल बहराइच और कुशीनगर में एक-एक मौत दर्ज की गई है। इसके अलावा कहीं भी जेई से कोई मौत नहीं हुई। एईएस के मामलों में भी 99 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में इसकी एक अहम वजह 'जल क्रांति' भी है। हर घर में नल से पहुंचता साफ पानी इस भयावह बीमारी के नियंत्रित होने का अहम कारण है।

पूर्वांचल में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में बच्चों की मौत होती थी। 2005 में ही 6000 से ज्यादा बच्चे इसकी चपेट में आए। इनमें से 1400 से ज्यादा की मौत हो गई थी। 2017 के पहले तक जेई और एईएस से मौतों का आंकड़ा 50 हजार के पार हो गया था और इसका केंद्र था गोरखपुर मंडल। सीएम योगी आदित्यनाथ तब गोरखपुर के सांसद थे। मामला संसद में उठा। फिर 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो इसके बाद से इंसेफेलाइटिस के खिलाफ जंग जमीन पर उतर गई। उन्होंने इंसेफेलाइटिस समाप्त करने की मुहिम अपने हाथ में ले ली और निरंतर प्रयास से इसमें सफलता भी हासिल की। बीते दो साल में केवल बहराइच और कुशीनगर में एक-एक मौत दर्ज की गई है। इसके अलावा कहीं भी जेई से कोई मौत नहीं हुई। एईएस के मामलों में भी 99 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। सीएम योगी के नेतृत्व में इसकी एक अहम वजह 'जल क्रांति' भी है। हर घर में नल से पहुंचता साफ पानी इस भयावह बीमारी के नियंत्रित होने का अहम कारण है।

सीएम योगी के नेतृत्व में समन्वय ने बीमारियों पर लगाया अंकुश

साल 1978 में उत्तर प्रदेश में जेई का पहला मामला दर्ज किया गया था। शुरुआती दो दशकों में इस बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों में से 30 प्रतिशत से ज्यादा की मौत हो जाती थी। खास बात यह है कि सर्वाधिक प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले थे। इसका सबसे अधिक दंश बच्चों को झेलना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों के काटने की वजह से व्यक्ति जेई से ग्रसित होता है, जबकि एईएस दिमागी बुखार है। मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी को देखते हुए योगी सरकार ने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने और शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना बनाई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान तेज किया।